डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 113 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 03 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता

MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

## एमपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा से शुरू होगा कांग्रेस का चुनाव अभियान, ये है जीतू पटवारी का मास्टर प्लान



**भोपाल, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव की घोषणा 15 मार्च के पहले संभावित है। कांग्रेस इसके पहले कुछ प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर सकती है। इसके लिए रजनी पाटिल की अध्यक्षता में गठित प्रदेश की स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक आज शनिवार को भोपाल में होगी। इसमें प्रत्याशी चयन को लेकर प्रदेश कांग्रेस की तैयारी पर चर्चा होगी। उधर, राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मार्च के पहले सप्ताह में मध्य प्रदेश आएगी, जिसके साथ ही पार्टी का चुनाव अभियान भी प्रारंभ हो जाएगा।

### पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे पटवारी...

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे। सभी संभागीय मुख्यालयों पर सभाएं होंगी। इसकी रूपरेखा को अगले सप्ताह अंतिम रूप दिया जाएगा। स्क्रीनिंग कमेटी के साथ ही चुनाव समिति की भी बैठक होगी। इसमें चुनाव अभियान और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। पिछले दो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। मतदान प्रतिशत तो लगातार घटा ही है, सीटें भी कम होती जा रही हैं। वर्ष 2014 में पार्टी ने दो सीटें जीतीं थी, जो 2019 में एक रह गई।

### छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के लिए सतर्क, सभी सीटों के लिए समन्वयक नियुक्त...

छिंदवाड़ा लोकसभा सीट की जीत को भी पार्टी की कम और कमल नाथ की व्यक्तिगत जीत अधिक माना जाता है। भाजपा इस गढ़ को भेदने में पूरी ताकत भी लगा रही है। उधर, अप्रैल-मई में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी स्थिति को सुधारने के प्रयास में जुटी है।

पहली बार सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस ने समन्वयक नियुक्त किए हैं। इन्हें आम सहमति के आधार पर संभावित दावेदार का नाम प्रस्तावित करने का दायित्व दिया है। अधिकतर समन्वयकों ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। इनके आधार पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में होने वाली स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। पार्टी का प्रयास यह है कि पैनल बनाने की नौबत ही न आए। आम सहमति से एक-एक नाम ही प्रस्तावित किया जाए।

सूत्रों के अनुसार चुनौती उन सीटों को लेकर अधिक है, जहां पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। यहां भाजपा के मुकाबले दमदार प्रत्याशी उतारना कठिन काम है। क्योंकि, दिग्गज नेता भी चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि उनका राज्यसभा का कार्यकाल शेष है, इसलिए चुनाव लड़ने का प्रश्न ही नहीं उठता। यही कारण है कि पार्टी नए चेहरों को आगे कर रही है।

# लॉक डाउन ने बचाई पचास जानें..!



## सबसे ज्यादा 70 प्रतिशत हादसे मंदसौर-भानपुरा रोड़ पर, हर दो दिन में औसत एक जन बन रहा सड़क दुर्घटना का शिकार

**मंदसौर, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लॉक डाउन 2020 ने 50 लोगों की जिंदगी को बचाया। यह जिंदगी जा रही है, सड़क दुर्घटनाओं में। जी हां जिले के सड़क हादसों में होने वाली मौतों की बात करें तो औसत 200 लोग हर माह सड़क हादसे का शिकार होकर काल के ग्रास में समां रहे हैं। वहीं लंबे चले 2020 के लॉक डाउन में यह आंकड़ा 50 के लगभग कम हुआ। सड़क हादसों का जिम्मेदार सड़क मार्गों की खामियों के साथ लापरवाही भी रही है। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जितनी भी सड़क दुर्घटनाएं हुई है। उसमें 60-70 प्रतिशत सड़क हादसे मंदसौर भानपुरा रोड़ पर हुए है।

### 220 कमियां निकली थी मार्ग पर...

जिले में औसतन 550 दुर्घटनाएं एक साल में हो रही है। इन दुर्घटनाओं में 60 से 70 फीसदी दुर्घटनाएं मंदसौर से भानपुरा के सड़क मार्ग पर हो रही है। इन दुर्घटनाओं में वाहन चालकों की लापरवाही तो है, साथ ही उन विभागों की भी अधिक लापरवाही है। जिसके अंतर्गत उन सडक़ों का निर्माण करवाया गया है। ये हम नहीं कह रहे है। यह उन विभागों के ही अधिकारियों द्वारा तैयार की गई सर्वे रिपोर्ट में सामने आया है। वर्ष 2021 में तैयार की गई रिपोर्ट में यातायात विभाग के साथ सभी सड़क निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों ने 220 कमियां निकाली थी। लेकिन, उन कमियों को लेकर अब तक कोई सख्त कदम नहीं उठाए गए है। यदि उठाए भी गए है तो वह कछुआ चाल से चल रहे है। जिसके कारण करीब 60 से 70 फीसदी दुर्घटनाएं उस क्षेत्र में ही हो रही है। इनमें कई लोग घायल होने के साथ-साथ कुछ लोग मौत के काल में समा गए है।

### कम नहीं हो रहा आंकड़ा...

यातायात विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में जिले के अंदर 569 सड़क दुर्घटनाएं हुई है। इनमें 589 लोग घायल हुए है। जबकि, 153 लोगों की मौत हुई है। जबकि, इस साल 23 मार्च से लेकर 1 जून तक लॉकडाउन लगा हुआ था। उसके बाद भी इतनी दुर्घटनाएं हुई थी। वही 2021 में 674 दुर्घटनाएं हुई है। इसमें 689 लोग घायल हुए और 193 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2022 में 648 सड़क दुर्घटनाओं में 681 घायल हुए तो मरने वालों की संख्या 200 थी। बीते साल 2023 में सड़क हादसों के ग्राफ में कुछ कमी जरुर देखी गई। लेकिन, मरने वालों की संख्या कम नहीं हुई। 2023 में 615 हादसों में 545 घायल हुए। वहीं 197 की मौत हुई।

### फोरलेन पर सुधार, यह रोड़ बना हुआ यमराज...

जिले में पहले सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं फोरलेन पर हो रही थी। लेकिन, लगातार उन पर कार्य किया। जिसके चलते फोरलेन पर दुर्घटनाओं पर कुछ हद तक कमी आई है। यहां अब तीन ब्लेक स्पाट ही बचे है। जबकि एक साल पहले यहां पांच ब्लैक स्पॉट थे। अधिकारियों की माने तो सबसे खतरनाक रोड मंदसौर से भानपुरा तक है। यहां पर कई जगह अंधे मोड़, सड़क पर झाडियां, दृश्यता कम होना सहित कई कमियां है। जिनके कारण जिले में सबसे अधिक दुर्घटनाएं इस रोड़ पर हो रही है। अधिकारियों की रिपोर्ट में भी 220 कमियां सामने आई थी। जिनको अब तक नहीं सुधारा गया है।

### इनका कहना...

लॉक डाउन में सड़क हादसों का आंकड़ा कम रहा। इसके अलावा जागरुकता सहित अन्य प्रयासों से सड़क हादसों में कमी आई है। लोग शराब पीकर वाहन नहीं चलाए। साथ ही यातायात नियमों का पालन करे।

**शैलेंद्र सिंह चौहान**
**यातायात थाना प्रभारी मंदसौर**

# पूर्व विधायक के वाहन पर पथराव


## 8 लेन पर हुई वारदात, थाने आकर रोका वाहन

**रतलाम, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम ग्रामीण के पूर्व भाजपा विधायक दिलीप मकवाना के वाहन पर 8 लेन पर पथराव हुआ। पूर्व विधायक जिस तरफ बैठे थे उसी तरफ बड़ा पत्थर उनके वाहन के कांच पर आकर लगा। कांच टूटने से वाहन के अंदर तक कांच के टूकड़े बिखर गए।

पूर्व विधायक मकवाना झाबुआ के मेघनगर से अपने स्कार्पियों वाहन क्रमांक एमपी 09 जेड डी 6000 में सवार होकर रतलाम आ रहे थे। शाम 7 बजे करीब उनका वाहन रावटी के समीप माही नदी के आसपास 8 लेन से गुजर रहा था। तभी एक बड़ा पत्थर उनके वाहन की तरफ आकर लगा। अचानक से हुए पथराव के कारण वह भी सहम गए। ड्रायवर ने गाड़ी नहीं रोकी। सीधे रतलाम थाना औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे। जहां थाना प्रभारी राजेंद्र वर्मा को घटना के संबंध में जानकारी दी। पूर्व विधायक के साथ उनके निजी पीएसओ गनमैन विजयसिंह सिसोदिया, चालक बबलू गुर्जर थे। पथराव की जानकारी मिलते ही उनके समर्थक भी थाने पहुंच गए थे। थाना प्रभारी राजेंद्र वर्मा ने बताया कि पूर्व विधायक के ड्रायवर द्वारा आवेदन दिया है। घटनाक्रम रावटी थाना क्षेत्र में हुआ है। आवेदन संबंधित थाने को फारवर्ड कर रहे हैं।

# बोर्ड परीक्षा: झांसे में न आए विद्यार्थी

## केंद्राध्यक्ष और शिक्षकों की भी होगी चेकिंग, चैट जीपीटी से बन रहे फर्जी पेपर



**मंदसौर, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इससे पहले ही फर्जी पेपर बनाने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा फर्जी गिरोह के लिए सर्च अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसमें 70 से अधिक गिरोह की सूची मंडल ने साइबर पुलिस को सौंपी है। यह अभियान अभी भी जारी है। सोशल मीडिया पर छात्रों को ओरिजिनल पेपर देने का झांसा देकर पैसे ऐंठने वाले यह गिरोह चैटजीपीटी की मदद से फर्जी पेपर तैयार कर रहे हैं, जो देखने में एमपी बोर्ड के पेपर के जैसे ही हैं, जिसमें बकायदा मंडल का लोगो भी लगा होता है।

### विद्यार्थी रहें सावधान, झांसे में न आएं...

इसके खिलाफ माशिमं ने एक नोटिस जारी किया है। लिखा गया है कि सोशल मीडिया पर 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए फर्जी पेपर दिखाए जा रहे हैं। कई छात्र पढ़ भी रहे है। लेकिन, असल में ये सभी पेपर्स फेक हैं। अहम बात यह है कि यह फर्जी पेपर पूरी तरह से असली सैंपल पेपर से मिलतेजुलते हैं। जिसकी वजह से छात्र सबसे ज्यादा कंफ्यूज हो रहे हैं।

### मोबाइल मिला तो होगी जैल...

पिछले साल परीक्षा से कुछ समय पहले पेपर लीक की घटना के बाद मंडल में परीक्षा के दौरान मोबाइल पूरी तरह से प्रतिबंधित किया है। सिर्फ कलेक्टर प्रतिनिधि के पास ही मोबाइल होगा। केंद्र अध्यक्ष और ड्यूटी देने वाले अन्य शिक्षक भी मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर सकते। परीक्षा केंद्रों पर इन लोगों की चेकिंग होगी, साथ ही परीक्षा केंद्र अध्यक्ष को मोबाइल न होने का सर्टिफिकेट भी देना होगा।

### इनका कहना...

फर्जी पेपर तैयार करने वाले गिरोह के लिए मंडल द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है। अभी 72 गिरोह की सूची साइबर पुलिस को सौंपी हैं। छात्र-छात्राओं को सावधान रहना चाहिए। मंडल ने पेपर में इंटरनल सिक्योरिटी भी बढ़ाई है। इसलिए ओरिजनल पेपर लीक करना आसान नहीं होगा। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

**केडी त्रिपाठी**
**सचिव माशिमं भोपाल**

# लोकसभा चुनाव के पहले कई टीआई के तबादले

## मंदसौर को मिले 4 नए टीआई, 4 गए जिले से बाहर

**मंदसौर, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार देर शाम पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा पुलिस महकमे की तबादला सूची जारी की गई। जिसमें मंदसौर जिले को 4 नए टीआई मिले, वही मंदसौर से 4 टीआई का तबादला हुआ है। जारी सूची के अनुसार टीआई प्रभात कुमार गौड का तबादला राजगढ से मंदसौर, मोहनलाल मालवीय इंदौर से मंदसौर, ओमप्रकाश चौगड़े रतलाम से मंदसौर, योगेन्द्र सिंह सिसौदिया नीमच से मंदसौर भेजे गए। वहीं जितेन्द्रसिंह सिसौदिया मंदसौर से नीमच, दिनेश कुमार प्रजापति मंदसौर से नीमच, मोहनी परस्ते मंदसौर से नीमच व गीता जाटव को मंदसौर से रतलाम भेजा गया है।

# सोश्यल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालना पड़ा महंगा

## सिंगोली पुलिस की कार्यवाही, दो युवकों को न्यायालय ने भेजा जैल

**नीमच, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के अंतिम छोर पर स्थित सिंगोली थाना क्षेत्र की पुलिस ने क्षेत्र का माहौल खराब करने के उद्देश्य से सोश्यल मीडिया पर आपतिजनक पोस्ट डालने वाले क्षेत्र के दो युवकों को तत्काल पकड़ने में सफलता प्राप्त कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें सीआरपीसी की धारा के 151 तहत जैल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बीते दो दिनों पूर्व सिंगोली में निवासरत अमन पिता मोहम्मद शरीफ उम्र 20 साल निवासी नई आबादी, वसीम उर्फ सोनू पिता जाफर खां उम्र 20 साल निवासी पिंजार पट्टी ने धार्मिक भावना को लेकर आपत्तिजनक कमेंट कर पोस्ट इंस्टाग्राम पर डाली थी, जिसे ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से सिंगोली पुलिस ने अपनी गंभीरता दिखाई और दोनो युवकों को हिरासत में लिया गया। जिनके विरुद्ध सीआरपीसी की धारा 151 के तहत मामला दर्ज कर लिया। जिन्हे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें मामले की गंभीरता को देखते हुए जैल भेज दिया गया।

### इनका कहना...

देश विरोधी मानसिकता या गतिविधियों अथवा किसी भी तरह से क्षेत्र का माहोल प्रभावित करने वाले लोगों के विरुद्ध कठौर कार्यवाही की जाएगी। जैसा की सिंगोली थाना क्षेत्र से संबंधित मामला प्रकाश में आया था। उसकी गंभीरता को देखते हुए आरोपी युवकों को तत्काल प्रभाव से जैल भेजा गया है, ताकि क्षेत्र का माहौल शांत रहें।

**राजेश सोनी तहसीलदार**
**सिंगोली जिला नीमच**

सिंगोली थाना क्षेत्र के दो नवयुवकों के द्वारा जो भी पोस्ट डाली गई थी, उसके परिणाम क्या आयेंगे। इसकी गंभीरता को देखते दोनो युवकों को तत्काल पकड़ने में सफलता पाई गई और उनके विरुद्ध कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जैल भेजा गया है। किसी भी तरह से क्षेत्र का माहोल अशांत करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करने में देरी नहीं की जाएगी। ताकि कोई दोबारा इस तरह की घटना की पुनरावृति करने का प्रयास नहीं करे।

**बीएल भाबर, टीआई सिंगोली**
**जिला नीमच**

# नाबालिग छात्रा ने जहर खाया, मौत

**नीमच, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सिटी थाना क्षेत्र की यादव मंडी में अज्ञात कारणों के चलते एक कक्षा 9वीं की छात्रा ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना गुरुवार-शुक्रवार रात की है। जानकारी के अनुसार, यादव मंडी निवासी टीना पिता राजेश यादव उम्र 15 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल नीमच के बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को राजस्थान के उदयपुर रेफर किया गया। लेकिन, उदयपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सिटी थाना पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह नीमच के बड़े अस्पताल में परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। इसके बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# महिलाओं ने नाश्ते की दुकान से गायब किया ज्वैलरी से भरा थैला

**नीमच, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के कमल चौक पर शातिर महिलाओ ने बिसलवास सोनगरा गांव से आए ग्रामीणों के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया।



दरअसल बिसलवास सोनगरा गांव के रामनारायण रावत और माधुलाल रावत अपने परिवार के कुछ लोगों के साथ खरीदारी करने नीमच आए थे। जहां उन्होंने ज्वेलर्स से 48 हजार 400 रूपए कीमत के चांदी के आभूषण खरीदे। जिसके बाद सभी नाश्ता करने के लिए कमल चौक स्थित सैनी नाश्ता दुकान पर पहुंचे। इस दौरान एक महिला सहित 3 लड़किया उनके पास आकर नाश्ता करने लगी और ग्रामीणों के साथ आई छोटी बच्ची के साथ खेलने का नाटक करने लगी। इसी दौरान ग्रामीणों ने आभूषण की थैली टेबल पर रखी और आपस में बातचीत करने लगे। इसी दौरान गैंग में शामिल गुलाबी रंग की साड़ी पहने महिला ने मौका देखकर थैली को उठा लिया, और तुरंत मौके से भागने लगी।

इसी दौरान रामनारायण रावत की नजर बैग की तरफ गई, तो उन्होंने शोर मचाया। हालांकि लोगों और कमल चौक पर तैनात पुलिसकर्मियों ने आरोपी महिलाओं को पकड़ लिया। लेकिन, आभूषण बरामद नहीं हुए। अनुमान लगाया जा रहा है कि वहीं मौजूद किसी अन्य शख्स को उन महिलाओं ने आभूषण दे दिए होंगे और मौके का फायदा उठाकर वो आरोपी फरार हो गया होगा। आरोपी महिलाओं को कैंट थाने पर ले जाया गया है। जहां पीड़ित रामनारायण रावत की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी महिलाओं से पूछताछ की जा रही है।

## एक्सरे में आया फेक्चर, 3 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक्सरे में फ्रेक्चर आने पर पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया। बोलिया (नाहरगढ़) निवासी कारुलाल पिता बगदीराम डांगी के साथ मारपीट हुई थी। अस्पताल में एक्सरे कराने पर फ्रेक्चर आया। जांच के बाद पुलिस ने मेहताब पिता देवीलाल बड़ोद, विशनिया निवसी अनिल पिता जगदीश डांगी व अर्जुन पिता उंकारलाल डांगी के खिलाफ धारा 323, 504, 325 में केस दर्ज किया।

# बिहार ने जाहिर कर दिया भाजपा नए चेहरों के सहारे लोकसभा चुनाव जीतेगी...

**मंदसौर, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** एनडीए सरकार के वर्तमान भाजपाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में सरकार बनाने के गणित के आंकड़ो को पूरा करने के लिए बिहार राज्य की नीतीश-लालू की सरकार को ऑपरेशन लोटस के सहारे हथिया लिया है। राजनीतिक दृश्य में एनडीए के बनिस्बत आगामी लोकसभा चुनाव तक नरेंद्र मोदी अधिक मजबूत हुए हैं। वर्तमान राजनीतिक दृश्य से अनुमान लगाया जाए तो भावी भारत सरकार का नेतृत्व नरेंद्र मोदी द्वारा ही किया जाएगा। दूसरा दृश्य पर्दे के पीछे का है, इस दृश्य में सहयोगी दलों से उनके राज्यों में अधिक से अधिक सांसदों को जिताकर लाने की अपेक्षा है। इसी के साथ ही स्पष्ट बहुमत तक पहुंचने के लिए और भाजपा का प्रभुत्व बनाए रखने के लिए अपने सांसदों की संख्या सहयोगी दलों से ज्यादा पाने के लिए एकदम नए चेहरों को प्रत्याशी बनाए रखे जाने की संभावना अधिक हो गई है।

भाजपाई सूत्रों की ही माने तो वर्तमान में दो या तीन बार के सांसदों से किसी न किसी कारण अपने ही कार्यकर्ताओं में भीतरी नाराजी पनप ही जाती है। इस तरह के नाराज कार्यकर्ता अगर चुनाव के पहले मान जाए तो ठीक वरन अपनी ही पार्टी के प्रत्याशी को हरवाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। अगर पार्टी किसी नए कार्यकर्ता को प्रत्याशी बना देती है, तब आपसी विरोधाभास खत्म कर जीताने में पूरी ताकत लगा देते हैं। भाजपा ने अगर ऐसा प्लान बनाया है, तब जिन क्षेत्रों से प्रत्याशी दूसरी या तीसरी बार वालों को फिर से तभी बनाया जाएगा, जिसका पूरे संसदीय क्षेत्र के सभी विधायकों, भाजपा जिला संगठन के सभी पदाधिकारी तथा क्षेत्र के सभी वार्डो से शत प्रतिशत समन्वय होगा। साथ में सभी की ओर से सांसद प्रत्याशी बनाने के लिए सहमति मिली होगी। अन्यथा नया नाम ही प्रत्याशी बनाकर भेजा जाएगा। जब से नरेंद्र मोदी अमित शाह की टीम ने भाजपा का नेतृत्व संभाला है, तब से सभी विपक्षी दल भाजपा के चुनावी एक्शन प्लान का लोहा मानने से इनकार नहीं कर पा रहे हैं। इनके कार्यकाल मे ही कई बार देखा गया है कि फिर कोई भी चाहे कितना ही करीबी हो, एकदम हाशिए पर कर दिया जाता है और कितना ही दूर, और अनजान हो या विरोधी भी अगर सरकार बनाने में फायदा पहुंचाने वाला हो तो उसे ससम्मान स्वीकार कर गले लगाया जाता है। इसी का उदाहरण है, हाल का बिहार में किया गया नीतीश सरकार पर ऑपरेशन लोटस। बात सांसद प्रत्याशियों के चयन प्रक्रिया की है तो भाजपा संगठन से जो छनकर बाहर आ रही प्रक्रिया मे वर्तमान सांसदों को फिर से सांसद बनना है तो पुरे संसदीय क्षेत्र से ज़िम्मेदार सभी कार्यकर्ताओ की शत प्रतिशत मांग होना लगभग आवश्यक होगा। जिन्हें प्रत्याशी बनाया जाएगा, उनके लिए भी पहली पात्रता तो यही है कि पूरे संसदीय क्षेत्र को जानता हो, सभी कार्यकर्ता, विधायक, पदाधिकारी से तालमेल रखने की क्षमता रखता हो।


चन्द्रमोहन भगत

भाजपा को मध्य प्रदेश के सभी सांसद प्रत्याशी बदलने भी पड़े तब भी नए प्रत्याशियों की कमी भी नहीं है, जो पार्टी के पैमाने पर फिट बैठते हैं। जैसे कि सभी जानते हैं भाजपा की एनडीए सरकार ने बीते संसदीय कार्यकाल में महिलाओं तथा पिछड़ा वर्ग के बहुसंख्यक मतदाताओं को खुश करने के लिए कई बिल पास किए हैं। इन वर्गों के मतों पर विपक्षी दलों की भी नजरे है। लेकिन, चूंकि सरकार भाजपा की थी। इसलिए नियम बदलकर लाभ भी एनडीए सरकार ने ही पहुंचाया है। इसलिए भावी चुनाव में प्रत्याशियों के चयन में पिछड़ो और महिलाओं की संख्या में इजाफा भी नजर आ सकता है। संभवतः सभी दलों में अपने हिस्सों की सीटों पर पिछड़ों का मत प्रतिशत ध्यान रख विशेष बैरोमीटर से प्रत्याशी चयन किया जा सकता है।

लोकतंत्र में देश का जनमत ही दलों की सरकार बनावता है और जब 52 प्रतिशत से अधिक आबादी पिछड़ा वर्ग है तो स्वाभाविक है कि मतदाता भी इसी वर्ग के अधिक होंगे। यही कारण है कि सभी राजनीतिक दलों के आंकड़ों में पिछड़ा वर्ग के मतों को अपने पक्ष में करने की होड़ सी मची है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अनेकों बार सार्वजनिक मंचों से खुद पिछड़ा वर्ग का होना स्वीकारते रहे हैं। अब उम्मीद की जा सकती है कि जहां भी भाजपा के वर्तमान सांसदों को बदला जाएगा, वहां से पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया जाना, जीत के लिए कूटनीति और वक्त का तकाज़ा हो सकता है।

# खेत में बंधे थे भैंस और बछड़ा, चोरी

## गांव के ही लोगों पर चोरी का आरोप, पांच आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भावगढ़ थाना क्षेत्र में मुर्रा भैंस और बछड़ा चोरी का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपी गांव के ही है, जिन पर चोरी की वारदात को अंजाम देने का आरोप है। वहीं एक लोडिंग टेम्पो चालक और एक अन्य व्यक्ति शामिल है। सभी आरोपी पुलिस रिमांड पर है।

भावगढ़ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 जनवरी को बेहपुर गांव निवासी कारूलाल ने शिकायत दर्ज करवाई थी की गांव से ढाई किलोमीटर दूर उसके खेत के बाड़े से उसकी चार भैंस, 2 गाय और 4 बछड़े में से एक बछड़ा और भैंस चोरी हो गया। रात 12 बजे उसके पिता खेत पर गए तो बाड़े का ताला टूटा हुआ था और भैंस व बछड़ा गायब था। आसपास तलाशी के बाद भी जब भैंस का पता नहीं चला। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर भैंस की तलाश शुरू की। इसी दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की तीन लोग बेहपुर नागदेवता मन्दिर पर भैंस बेचने की बात कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने दबिश देते हुए बेहपुर निवासी महेश, नागेश्वर और धारासिहं को शंका के आधार पर थाने लाकर पूछताछ की तो आरोपियों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। वहीं बताया की उन्होंने चोरी की भैंस और बछड़े को गुराड़िया शाह निवासी मनीष के लोडिंग टेम्पो में भरकर ले गए थे और चिकलाना निवासी दिनेश पिता नन्दराम सूर्यवंशी को दे आए थे। सभी मिलकर भैंस और बछड़े को बेचने के बाद रुपए आपस में बांट लेते। आरोपियों के बताए स्थान से चोरी गई भैंस और बछड़ा बरामद कर लोडिंग वाहन सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने आरोपियों को पुलिस रिमांड पर सौंपा है।

## शहर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक कल

**मंदसौर, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष माननीय राहुल जी गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में कार्यक्रमों की तैयारी,लोकसभा चुनाव की कार्य योजना एवं अन्य आयोजनों को लेकर मन्दसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 4 फरवरी 2024,रविवार को प्रात: 11.30 बजे गांधी भवन जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित की गई है। बैठक में जिल कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जी जैन,विधानसभा प्रभारी श्री गोविंदसिंह जी पंवार एवं वरिष्ठ नेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ तोमर ने सभी मंडलम व सेक्टर अध्यक्षगण, मन्दसौर शहर में निवासरत सभी प्रदेश,जिला व ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारीगण, कार्यकारी अध्यक्ष गण,सभी वर्तमान व पूर्व पार्षदगण, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठों के सभी जिला व ब्लॉक अध्यक्षगण, सभी बीएलएगण, मन्दसौर नगर में निवासरत सभी जनप्रतिनिधि गण, शहर में निवासरत जिला व जनपद पंचायत के सदस्यगण, सरपंचगण,सभी कार्यकर्तागण से अनुरोध किया है कि बैठक में साथियों सहित पधारें।





### महामाया भादवामाता का दिव्य मंदिर निर्माण...

# समाजसेवी अशोक अरोरा ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा

### छत स्तर तक पहुंचा मंदिर निर्माण, इंजीनियर व ठेकेदार को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश

**नीमच, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मालवा की वैष्णोदेवी के नाम से विख्यात चमत्कारिक आरोग्यधाम भादवा माता में दिव्य और अनूठा मंदिर निर्माण तेजी से जारी है। प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा गर्भगृह के सामने सभामंडप, शिव मंदिर सहित कई निर्माण कार्य करवाए जा रहे है। शुक्रवार को समाजसेवी अरोरा ने निर्माण कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने ठेकेदार और इंजीनियर को निर्देश दिए कि मंदिर निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंदिर ऐसा बनें कि सदियों तक मंदिर का आकर्षण और मजबूती बनी रहे और आने वाली पीढ़ी दिव्य मंदिर के निर्माण को याद करें।

बीते करीब 8 महीने से महामाया भादवा माता का दिव्य मंदिर निर्माण जारी है। प्रशासन द्वारा तो मास्टर प्लॉन के तहत निर्माण करवाए ही जा रहे है साथ ही समाजसेवी भी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। माताजी की प्रतिमा के सामने सभामंडप, बावडी, शिव मंदिर गर्भगृह, रंग मंडप, सभा मंडप, हवन कुंड, शिवजी का सभा मंडप, झरोखे सहित अन्य गर्भगृह के विकास कार्य समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा करवाए जा रहे है, बाकी अन्य काम प्रशासन व अन्य के हाथों में है। समाजसेवी श्री अरोरा ने दिव्य मंदिर का नक्शा गुजरात की प्रसिद्ध आर्किटेक वर्षा बेन ने तैयार किया है। दिव्य मंदिर के लिए विशेष रूप से समाजसेवी श्री अरोरा ने ठेकेदार और इंजीनियर की नियुक्ति की है, जो लगातार निर्माण नजर रख रहे है। शुक्रवार को समाजसेवी श्री अरोरा की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में स्थित आस्था भवन में बैठक हुई। बैठक में एसडीएम ममता खेड़े, इंजीनियर और ठेकेदार सहित अन्य लोग मौजूद थे। बैठक में चर्चा हुई कि मंदिर निर्माण में दिव्यता कैसे प्रदान की जावे, क्या—क्या बेहतरीन कर सकते है। मंदिर निर्माण का कार्य साधारण नहीं है, युगों- युगों तक मंदिर की दिव्यता बनी रहे, इस बात पर विशेष ध्यान रखकर मजबूती के साथ निर्माण किया जावे। वर्तमान में छत स्तर तक निर्माण पहुंच गया है, छत के बाद नक्काशी का काम शुरू होगा। इस अवसर पर वरिष्ठपत्रकार सुरेंद्र सेठी, मूलचंद खींची, पंडित शांतिलाल शर्मा भादवा माता, इंजीनियर उत्सव जैन, पिंकू नागौरी सहित मंदिर निर्माण और संस्था से जुडे हुए पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# बजट 2024 में रेलवे में मंदसौर संसदीय क्षेत्र को मिली 500 करोड़ से अधिक की राशि

### नीमच-रतलाम दोहरीकरण के साथ नीमच-बड़ी सादड़ी नवीन रेल लाईन के कार्य में आएगी तेजी

**मंदसौर, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बजट 2024 में रेलवे के क्षेत्र में मंदसौर संसदीय क्षेत्र को बडी सौगात मिली। बजट 2024 में मंदसौर 500 करोड़ रूपए से अधिक की राशि आवंटित हुई।



मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट गुरूवार को सदन में पेश हुआ। साल 2024-25 के बजट में मध्य प्रदेश को 15143 करोड रुपए का आवंटन हुआ है जो अब तक का सबसे बड़ा बजट आवंटन है। बजट में मंदसौर संसदीय क्षेत्र को रेलवे के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली। संसदीय क्षेत्र को दोहरीकरण, नवीन रेल लाईन एवं ओवरब्रिज के लिए 500 करोड से अधिक राशि का आवंटन बजट में हुआ। इस बजट से संसदीय क्षेत्र में रेलवे व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा। बजट 2024-25 में नीमच-रतलाम दोहरीकरण 133 किमी के लिए 400 करोड़ रूपएं की राशि आवंटित हुई। वहीं नीमच बड़ी सादडी नई रेल लाईन 48 किमी के लिए 100 करोड़ रूपएं की राशि आवंटित हुई। इसी के साथ ही पिपलिया मंडी ओवरब्रिज व संजीत फाटक ओवरब्रिज के लिए एक-एक करोड़ रूपएं की राशि आवंटित हुई। इस राशि से इन ओवरब्रिज में पड़े अधूरे कार्यो में तेजी आएगी और ओवरब्रिज का कार्य पूर्ण होगा। वहीं दोहरीकरण के लिए जारी राशि से ना सिर्फ काम में तेजी आएगी बल्कि काम तय समय से पूर्व हो जाएगा। सांसद गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में इस रूठ पर सिंगल ट्रेक होने के कारण उतनी ट्रेने नहीं चलती है। जब रतलाम-मंदसौर-नीमच रेलवे दोहरीकरण का कार्य पूर्ण हो जाएगा। उसके बाद जिन ट्रेनों को आउटर पर खड़ा रहना पड़ता है। उनको नहीं रहना पड़ेगा। ट्रेनों की संख्या में भी इजाफा होगा। इससे आमजन को यात्रा करने में अधिक सुविधा होगी। इसके साथ ही मालगाडियों का भी आवागमन अधिक होगा। तो व्यापारियों के साथ-साथ किसानों को भी अपनी उपज सीधे बड़े रूठ पर भेजने में आसानी होगी। दोहरीकरण से दक्षिण भारत, उत्तरभारत के पूर्वाचंल सहित अन्य बड़े स्टेशन से सीधे रूप से संसदीय क्षेत्र जुड़ जाएगा। वही नीमच-बड़ी सादड़ी रेल लाईन के कार्य में भी तेजी आएगी। सांसद सुधीर गुप्ता ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी एवं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया।

## श्री खाटू श्याम मंदिर पर पंचम भव्य पाटोत्सव मनाया

**मंदसौर, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा स्थानीय संजीत रोड स्थित प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर पर भव्य पाटोत्सव (प्राण प्रतिष्ठा दिवस) का आयोजन किया गया। जिसके तहत छप्पन भोग दर्शन, सूरजगढ निशान अर्पण, हवन, पूजन व महाआरती के आयोजन हुए। इस दौरान मंदिर पर आकर्षक सजावट भी की गई।



श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट के व्यवस्थापक ट्रस्टी श्री नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि पंचम वार्षिकोत्सव के अंतर्गत पं. सोम शर्मा विप्र वाणी ज्योतिष केंद्र के आचार्यत्व में शांति हवन कर विश्व के कल्याण की प्रार्थना की गई। हवन का 7 जोड़ों द्वारा धर्मलाभ लिया गया। बाबा श्याम का फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। साथ ही प्रात: श्याम बाबा को 56 भोग लगाया गया। दोपहर में बाबा खाटू श्याम के हजारों भक्तों की उपस्थिति में सूरजगढ़ ध्वजा और हनुमान जी की ध्वजा चढ़ाई गई। प्रात: 9 बजे और शाम 6 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री खाटू श्याम मंदिर मंदसौर के अध्यक्ष श्री शिवकरण प्रधान, ट्रस्टी गोपाल कृष्ण शर्मा, देवेंद्र विजयवर्गीय, दिनेश मकवाना सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## देर रात मनासा पहुंचे बच्चे, विधायक मारू ने पुन: चेकअप करवाकर सभी को भोजन कराया

**मनासा, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांधी सागर के पास गांधी सागर के पास दुर्घटना में घायल हुए बच्चों को देर रात मनासा लाया गया। विधायक अनिरूद्ध (माधव) मारू ने घायल बच्चों की कुशल क्षेम जानी और सभी का पुन: स्वास्थ्य चेक करवाया। अस्पताल में सभी बच्चों के भोजन की व्यवस्था की और बाद में उन्हें सकुशल घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की।



चौकड़ी के बच्चों से भरी टैक्टर ट्राली सोमवार को गांधी सागर के पास पल्टी हो गई थी। इसमें करीब 30 से 35 बच्चों के घायल होने की जानकारी मिली थी। 4 गंभीर घायलों को झालावड़ राजस्थान रैफर किया गया है। सूचना मिलने पर मनासा विधायक श्री मारू ने तुरंत मंदसौर के प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर घायलों का उचित उपचार करने के निर्देश दिए थे। गांधीसागर में प्रारंभिक उपचार के बाद सभी को मनासा भेज दिया गया। यहां रात करीब 12 बचे सभी बचे मनासा सरकारी अस्पताल पहुंचे। विधायक मारू भी मौके पर पहुंचे। सूचना पर एसडीएम पवन बारिया, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। विधायक मारू ने सभी बच्चों का कुशल क्षेम जाना और घटना की जानकारी ली। वहीं उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों से सभी का पुन: चेकअप करवाया। अस्पताल में सभी बच्चों के भोजन की व्यवस्था की। बाद में सभी को एंबुलेंस व अन्य वाहन के माध्यम से सभी बच्चों को उनके घर तक पहुंचाया। झालावाड़ रैफर किए गए बच्चों को भी उपचार के बाद छूट्टी कर दी गई है। वह भी चौकड़ी पहुंच गए है। विधायक मारू ने सभी के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। श्री मारू ने कहा सभी बचे सकुशल घर पहुंच गए है। प्रारंभिक उपचार के बाद सभी की छूट्टी कर दी गई है। मनासा पहुंचने पर सभी बच्चों के स्वस्थ्य की जानकारी ली। सभी स्वस्थ्य है। जिन्हें चोंट आई थी इलाज के बाद उन्हें भी छूटी कर दी गई है। मंदसौर प्रशासनिक अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग ने भी तत्काल अपनी सेवाए दी। मैं सभी का आभारी हूं। सभी के सहयोग से सभी बचे अपने घर पर सकुल पहुंच गए है।देर रात मनासा पहुंचे बच्चे, विधायक मारू ने पुन: चेकअप करावकर सभी को भोजन कराया

## पीजी कालेज में विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर विशेष आयोजन

**मंदसौर, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं इको क्लब द्वारा दिनांक 2 फरवरी 2024 को 'वर्ल्ड वेटलैंडडे' (विश्व आद्र भूमि दिवस) के अवसर पर एक वर्चुअल वॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा थे। आपने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण जागरूकता हेतु हमें लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कुछ मूलभूत सिद्धांतों पर हमें अपने रोजमर्रा के दैनिक जीवन में अमल करना चाहिए।



कार्यक्रम में प्रबंध विभाग के डायरेक्टर डॉ. अशोक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भौतिक पर्यावरण के शुद्धिकरण के साथ ही हमें हमारे मानसिक पर्यावरण के शुद्धिकरण पर भी विशेष ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों को मोबाइल के दुष्प्रभावों से भी स्वयं को बचाना चाहिए। कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवं इको क्लब संयोजक प्रभारी डॉ. प्रेरणा मित्रा ने विद्यार्थियों को वेटलैंडकी महत्ता के बारे में बताया। अपने विद्यार्थियों को भारत एवं विश्व में वेटलैंड की स्थिति एवं उनकी संख्या संबंधित आंकड़ों के बारे में अवगत करवाया। उपस्थित विद्यार्थियों को इस अवसर पर भारतीय वेटलैंड के महत्व विषय पर रोचक और ज्ञानवर्धक फिल्म दिखाई गई। साथ ही एक क्विज का आयोजन भी किया गया जिसमें सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया। विभाग के डॉ. संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि वेटलैंड भिन्न-भिन्न प्रकार की जीव-प्रजातियों का आश्रय स्थल होते हैं। मानव-कल्याण के लिये इनके अस्तित्व को बचाए रखने के हर संभव प्रयास करना चाहिए। प्रो. सुधाकर राव ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण प्रदूषण से न सिर्फ वेटलैंड बल्कि विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों की रक्षा करना हम मनुष्यों का नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में विभाग के प्रो. सुनील कुमार शर्मा एवं डॉ. उजमा चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।




## साइकिल से तिरूपति निकले यात्री का किया स्वागत

**पिपलियामंडी, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** साइकिल से पिपलिया टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से तिरुपति बालाजी दर्शन के लिए रवाना हुए यात्री का पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत् किया। पिपलियामंडी निवासी बापूसिंह सिसोदिया मन्नत होने पर शुक्रवार को साइकिल से तिरुपति के लिए रवाना हुए। सिसोदिया का संदीपसिंह राठौड़, हरिप्रसाद गेहलोत, जुगलसिंह, देवेन्द्र कराड़ा आदि ने पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# कुत्तों के झुंड ने गर्दन दबोच नोच-नोच कर एक साल के बच्चे को खा गए

**हैदराबाद, 2 फरवरी।** तेलंगाना से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। हैदराबाद में आवारा कुत्तों का एक झुंड झोपड़ी में सो रहे एक मासूम बच्चे को उठा ले गया और फिर उसे नोंच-नोंच कर खा गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इस मामले की सूचना दी। इस शहर में पिछले साल मार्च से लेकर अब तक बच्चों पर कुत्तों का यह 9वां हमला है। यह घटना हैदराबाद के शमशाबाद की है। सूर्यकुमार नामक एक व्यक्ति मजदूरी करता है और वह अपने परिवार के साथ एक अस्थायी झोपड़ी में रहता है। सूर्य कुमार बुधवार की रात को अपने एक साल के बड़े बेटे के नागराजू, 10 दिन के नवजात शिशु और परिवार के अन्य मेंबर्स के साथ सो रहे थे। रात में कुत्तों का एक झुंड आया और गर्दन दबोचकर नागराजू को बाहर लेकर चला गया।



### पिता ने पुलिस में कराई शिकायत

कुत्तों ने नोंच-नोंच कर उस बच्चे को मौत के घाट उतार दिया। स्थानीय लोगों ने रात करीब डेढ़ बजे बच्चे के पिता सूर्यकुमार को जगाया। जब पिता बाहर निकला तो बच्चा मृत पड़ा था। सूर्यकुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और कहा कि हमने रात 12.15 बजे बच्चे को दूध पिलाया था और उसके बाद सब सो गए थे।

### इस मामले को संदिग्ध मान रही पुलिस

इस मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि आखिर कैसे बच्चा झोपड़ी से बाहर आ गया, ये समझ में नहीं आ रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस इस मामले को संदिग्ध मान रही है, क्योंकि बच्चे के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं।

## तीन खिलाड़ियों ने वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया

**मंदसौर, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के तीन खिलाड़ियों ने इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राजू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज के तीन छात्र जयंत परिहार, कुणाल पारिख और परम बसंता ने इंदौर के शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने अपने वजन समूह में रजत पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी, कॉलेज के प्राचार्य डॉ एल एन शर्मा, कॉलेज के अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक गण, कोच आजाद सिंह सोलंकी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।



## मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, 1 साल की जांच में कुछ नहीं मिला तो जब्त संपत्ति करनी होगी वापस

**नई दिल्ली, 2 फरवरी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने निर्देश दिया कि अगर पीएमएलए के तहत चार्जशीट दायर किए बिना एक साल से अधिक हो जाती है। तब जांच के दौरान जब्त की गई संपत्ति वापस की जानी चाहिए। जस्टिस नवीन चावला ने कहा कि अगर 365 दिनों से अधिक की अवधि की जांच से पीएमएलए के तहत किसी अपराध से संबंधित कोई कार्यवाही नहीं होती है, तो जब्त की गई प्रॉपर्टी व्यक्ति को वापस कर दी जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को 19-20 अगस्त 2020 को किए गए तलाशी और जब्ती अभियान के तहत याचिकाकर्ता से जब्त किए गए दस्तावेजों, डिजिटल उपकरणों, संपत्ति और अन्य सामग्री को याचिकाकर्ता को वापस करने का निर्देश दिया। अदालत ने ईडी के वकील की इस दलील को खारिज कर दिया था। अधिनियम की धारा 8(3) (ए) 365 दिनों की समाप्ति के परिणाम का प्रावधान नहीं करती है।

**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक क्यू   मंदसौर, दिनांक 31.01.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एमसी 8666 व एमपी 14 एमडी 8333 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में रविन्द्रकुमार त्रिवेदी पिता भरतकुमार त्रिवेदी निवासी कोठारी नगर, मंदसौर, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी अर्चना त्रिवेदी पति रविन्द्रकुमार त्रिवेदी, कोठारी नगर मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

### यूजीसी चेयरमेंन एम.जगदीश कुमार प्रेस से बोले...

# यूजीसी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विजन को पूरा करने के लिए सतत प्रयासरत

**उज्जैन, 2 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन पर आयोजित सेंट्रल झोन वाईस चांसलर कॉन्फ्रेंस में शामिल होने आए यूजीसी के चेयरमेन एम.जगदीश कुमार शुक्रवार सुबह विक्रम विश्वविद्यालय के शलाका दीर्घा सभागार में प्रेस से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विज़न को पूरा करने के लिए सतत प्रयास कर रहा है और आयोग यह सुनिश्चित करता है कि उपरोक्त पहलों के लाभ महत्वाकांक्षी युवाओं के एक बड़े वर्ग तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। महत्त्वपूर्ण पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक रोड मैप विकसित करने में विश्वविद्यालयों को सुविधा प्रदान करने हेतु यूजीसी ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों और मानित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों सहित पांच क्षेत्रीय समितियों का गठन किया है।

क्षेत्रीय समिति के विचारार्थ विषय इस प्रकार हैं- ✻ राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में क्षेत्र के प्रबंधन, शैक्षणिक, प्रशासनिक सदस्यों और अन्य हितधारकों के संदर्भ में जानकारी प्रदान करना और सुग्राह्य बनाना। ✻ एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के लिए कार्ययोजना और रणनीतियों को रूपरेखा देने में क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा संस्थानों का मार्गदर्शन करना। ✻ एनईपी, 2020 के विभिन्न प्रावधानों के समयबद्ध कार्यान्वयन में एचईआई का मार्गदर्शन करना और एचईआई में कोई भी समस्या के समाधान में सहायता प्रदान करना। ✻ क्षेत्र में विभिन्न एचईआई द्वारा की गई प्रगति का प्रलेखीकरण और रिपोर्टिंग।



विक्रम विश्वविद्यालय में 2 फरवरी 2024 को एनईपी 2020 के संदर्भ में यूजीसी द्वारा गठित पांच क्षेत्रीय समितियों में से मध्य क्षेत्र की समिति द्वारा सेंट्रल जोन वाइस चांसलर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को 29 जुलाई, 2020 में अधिसूचित किया गया था। तदनुसार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कई पहलों की शुरुआत की है, जिनमें अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, अकादमिक कार्यक्रमों में बहु प्रवेश और बहिर्वेशन (मल्?टीपल एंट्री एण्ड एग्जिट), एकल-शाखा वाले एचईआई संस्थानों को बहु-विषयक शाखाओं वाले संस्थानों में परिवर्तित करना, संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सी यू ई टी), स्नातकपूर्व कार्यक्रमों के लिए पाठ्यचर्या और क्रेडिट फ्रेमवर्क, राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क, एक साथ दो अकादमिक कार्यक्रमों की पढ़ाई करना, दोहरी शिक्षा व्यवस्था, संयुक्त और दोहरी डिग्री कार्यक्रम प्रदान करने के लिए भारतीय और विदेशी उच्चतर शिक्षा संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग, व्यावसायिक प्रोफेसर की नियुक्ति, अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री कार्यक्रम जैसी पहल शामिल हैं।

विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की समीक्षा और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सौजन्य से 2 फरवरी को राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। उक्त आयोजन में चर्चा करने के लिए मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड के 270 से अधिक शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागृह में देश के विभिन्न भागों से आए शिक्षाविदों ने संक्रिय सहभागिता की। स्मरणीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में विक्रम विश्वविद्यालय की अग्रणी भूमिका रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में मध्यप्रदेश के तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की मुख्य भूमिका रही है। विश्वविद्यालय अंतरानुशासकीय अध्ययन, जल स्त्रोत संग्रहण, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण जैसे नवाचारी कार्य निरंतर कर रहा है। विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार पाण्डेय क्षेत्रीय समिति के मध्य क्षेत्र के मुख्य समन्वयक है जिसके चलते वे निरंतर एनईपी के सुव्यवस्थित क्रियान्वन पर विशेष ध्यान देते है।

**कार्यालय प्राचार्य एवं सचिव, स्थानीय प्रबंधन समिति**

**राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.)**

मन्दसौर, दिनांक 01.02.2024

**✻✻✻ निस्तारण हेतु निविदा ✻✻✻**

**राजीव गांधी शा.स्ना. महाविद्यालय, मन्दसौर में पुराना कैंटीन एवं एन.सी.सी. आफीस का निस्तारण (डिसमेंटल) किया जाना प्रस्तावित है। इसके इच्छुक ठेकेदार/फर्म उक्त दोनों भवनों का निरीक्षण करके सील बंद लिफाफे में अपना भाव पत्र दिनांक 07.02.2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। यहां से निकलने वाली समस्त सामग्री – ईंट, पत्थर, लकड़ी, लोहे की गड्र व जाली इत्यादि सामग्री ले जाऐं और उक्त निस्तारण में समस्त सामग्री को हटाने के बदले में अधिकतम मूल्य प्रदान करने वाले ठेकेदार / फर्म को कार्यादेश प्रदान किया जायेंगा। ठेकेदार/फर्म निविदा के साथ 3,000/– अक्षरी तीन हजार रू. का बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य, शा. महाविद्यालय, मन्दसौर के नाम से लगाना होगा। कार्य समाप्ति उपरांत यह राशि सम्बंधित को पुन: वापस की जायेंगी।**

**उक्त दोनों भवनों के निस्तारण कार्य को कार्यादेश प्रदान किये जाने के 07 दिवस के भीतर (जमींदोज) किया जाना है।**

**(डॉ. एल.एन. शर्मा)**
**प्राचार्य एवं सचिव**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in